# अर्थ के आधार पर वाक्य विश्लेषण




ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

**CLASS: V**
**SUBJECT : HINDI**
**CHAPTER NUMBER:13**
**TOPIC: पाठ- 13 – वाक्य**
**SUB TOPIC: अर्थ के आधार पर वाक्य विश्लेषण ।**




Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद

- विधानवाचक वाक्य
- निषेधवाचक वाक्य
- प्रश्नवाचक वाक्य
- विस्म्यादिवाचक वाक्य
- आज्ञावाचक वाक्य
- इच्छावाचक वाक्य
- संकेतवाचक वाक्य
- संदेहवाचक वाक्य



## 1. विधानवाचक  वाक्य

वह वाक्य जिसमे  किसी व्यक्ति , वस्तु अथवा स्थिति के बारे में सामान्य जानकारी प्राप्त हो वह विधानवाचक वाक्य कहलाता है।

उदाहरण –

- भारत एक देश है।
- राम के पिता का नाम दशरथ है।
- दशरथ अयोध्या के राजा हैं।
- सूर्य पूर्व दिशा से उगता

## 2. निषेधवाचक वाक्य




जिन वाक्यों से कार्य न होने का भाव प्रकट होता है, उन्हें निषेधवाचक वाक्य कहते हैं।

जैसे-

- मैंने दूध नहीं पिया।
- मैंने खाना नहीं खाया।




ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

## 3.प्रश्नवाचक वाक्य

**वह वाक्य जिसके द्‍वारा किसी प्रकार प्रश्न किया जाता है, वह प्रश्नवाचक वाक्य कहलाता है**

उदाहरण

- भारत क्या है?
- आप कहा रहते है ?
- पेड़ के पीछे कौन खड़ा हैं?
- इसका जवाब क्या होगा ?



# 4. विस्म्यादिवाचक वाक्य

**विस्मय का अर्थ है-आश्चर्य**! जिन वाक्यों से आश्चर्य, हर्ष, घृणा, प्रसन्नता, शोक, दुख, भय आदि भावों की अभिव्यक्ति हो।

**विस्मय वाचक वाक्यों की पहचान** –वाक्य में अहो!, अहा!, हाय!, छिः!, अरे! आदि देखकर।

**उदाहरण** –

- अरे! कितना विशाल मैदान है।
- ओह! तुम आ गए।
- छिः! नाले के पास बड़ी बदबू थी।



## आज्ञावाचक वाक्य

वह वाक्य जिसके द्वारा किसी प्रकार की आज्ञा दी जाती है या प्रार्थना किया जाता है, वह **आज्ञावाचक** वाक्य कहलाता हैं।

**उदाहरण -**

- बैठो।
- बैठिये।
- कृपया बैठ जाइये।
- शांत रहो।
- कृपया शांति बनाये रखें।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow



## 6.इच्छावाचक वाक्य

जिन  में किसी इच्छा, आकांक्षा या आशीर्वाद का बोध होता है, उन्हें इच्छावाचक वाक्य कहते हैं।

**उदाहरण-**

- नववर्ष मंगलमय हो।
- भगवान तुम्हें दीर्घायु करे।

# 7. संकेतवाचक वाक्य



जिन वाक्यों में एक क्रिया का होना दूसरी क्रिया पर निर्भर होता है। उन्हें संकेतवाचक वाक्य कहते हैं ।

जैसे-

- यदि परिश्रम करोगे तो अवश्य सफल होंगे।
- पिताजी अभी आते तो अच्छा होता।
- अगर वर्षा होगी तो फ़सल भी होगी।



# 8.संदेहवाचक वाक्य

जिन वाक्यों से संदेह या संभावना व्यक्त होती है, उन्हें संदेहवाचक वाक्य कहते हैं;

**जैसे -**

- शायद शाम को वर्षा हो जाए।
- वह आ रहा होगा, पर हमें क्या मालूम।
- हो सकता है राजेश आ जाए।

# शिक्षण प्रतिफल




1. विद्‌यार्थियों में रचना एवं सृजनात्मक प्रवृत्ति का विकास  हुआ ।

2. वाक्य संबंधित व्याकरणिक ज्ञान का विकास करना|

# गृहकार्य

**प्रश्न-3 कॉपी में  लिखिए।**



# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP